हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 1 जुलाई 2025

06 समाज वरिष्ठजनों का किया सम्मान व प्रतिभावान...



09 ईसागढ ब्लॉक के ग्राम महिदपुर में पुराना स्कूल भवन गुणवत्ता...





## समाचार संक्षेप

### डॉक्टर्स डे के अवसर पर मीनाक्षी हॉस्पिटल में लगेगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**गुना।** शहर के दलवी कॉलोनी स्थित मीनाक्षी अस्पताल एन्ड रिसर्च सेन्टर परिसर में 1 जुलाई मंगलवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा, इस शिविर में ओ पीडी ,एक्सरे , तथा अन्य जांचे निशुल्क रहेंगी , उल्लेखनीय है कि प्रति वर्ष डाक्टर्स डे के अवसर पर मीनाक्षी अस्पताल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाता है। अस्पताल के संचालक डाक्टर दिनेश सिंह कुशवाह ने अधिक से अधिक लोगो से शिविर में पहुंच कर इसका लाभ उठाने की अपील की है ।

### निर्यापक श्रमण मुनि श्री योग सागर ससंघ का सिरोंज से आरोन की ओर विहार हुआ



**आरोन।** समाधि सम्राट संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महामुनिराज के गृहस्थ जीवन के भाई एवं निर्यापक श्रमण योगसागर महाराज जोकि बुंदेलखंड से पैदल विहार करते हुए गुना की ओर विहार कर रहे हैं सोमवार को उन्होंने सिरोंज से आरोन की ओर विहार किया। रविवार को ही मुनि संघ का सिरोंज आगमन हुआ था। गुना में होगा मुनि संघ का चातुर्मास एवं बर्षायोग जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 12 के क्षेत्रीय प्रवक्ता सुनील झंडा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार गुना एवं अशोकनगर दोनों जिलों के श्रावकों को बड़ा सौभाग्य प्राप्त होने जा रहा है। एक तरफ जहां अशोकनगर में मुनि पुंगव श्री सुधासागर महाराज ससंघ के मंगल चातुर्मास की की संभावना है वहीं दूसरी ओर निर्यापक श्रमण श्री योग सागर ससंघ का चातुर्मास गुना में एवं मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज का चातुर्मास आरोन में होने की पूरी पूरी संभावना है।
गुना,अशोकनगर एवं आरोन के साथ साथ आसपास के संपूर्ण क्षेत्र के जैन श्रद्धालुओं में चातुर्मासों के प्रति उत्साह का माहौल दिखाई दे रहा है।

### शिक्षा विभाग में ई अटेंडेंस लागू करने के विरोध में पीएमयूएम शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन



**आरोन।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा विभाग के अधीन शासकीय विद्यालयों में शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति ऑनलाइन ई अटेंडेंस के माध्यम से लागू किए जाने के विरोध में पीएमयूएम शिक्षक संघ के संभागीय उपाध्यक्ष प्रमोद श्रीवास्तव के नेतृत्व में आरोन इकाई द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी को एक ज्ञापन दिया गया। उक्त ज्ञापन के माध्यम से यह मांग की गई कि मध्यप्रदेश के शिक्षा विभाग द्वारा वर्तमान में शासकीय विद्यालयों में उपस्थिति हेतु ई अटेंडेंस प्रणाली का ट्रायल जारी है एवं आगामी जुलाई से ई अटेंडेंस व्यवस्था को अनिवार्य किए जाने की बात सामने आ रही है। पी एम यू एम शिक्षक संघ भेदभावपूर्ण एवं अन्यायपूर्ण इस ई अटेंडेंस व्यवस्था का विरोध करता है और यह मांग करता है कि इस भेदभावपूर्ण एवं अन्यायपूर्ण व्यवस्था को शिक्षा विभाग में लागू न किया जाए। ज्ञापन सौंपते समय पवन शर्मा,मोहन परिहार,मोहन शर्मा,सुनील शर्मा,जगराम धाकड़,जगदीश धाकड़,अभय जैन,संजीव राजपूत,अरविंद चौरसिया,भगवत सिंह नरवरिया,बृजेंद्र सिंह यादव,हरिराम कुशवाह, बलराम कुशवाह,महेंद्र धाकड़, संजय जैन आदि शिक्षक उपस्थित थे। ज्ञापन का वाचन शिक्षक सुनील जैन झंडा ने किया।

---

**सांसद सिंधिया के निर्देश पर प्रशासन ने स्वीकृत की सहायता राशि**

# नदी में डूबे मृतकों के परिजनों को मिली 4-4 लाख की सहायता

**◆ 408 बाढ़ पीढ़ितों को भी सहायता राशि और राशन देने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले की बमौरी विधानसभा क्षेत्र में 21 जून को कोहन एवं कांसल नदी का पुल पार करने के दौरान जान गंवाने वाले 3 मृतकों के परिजनों को जिला प्रशासन ने 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। यह कार्रवाई केंद्रीय मंत्री और संवेदनशील सांसद ज्योतिरादित्य के निर्देश पर की गई है।

इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य और भाजपा नेता महेंद्र सिंह किरार ने घटना के समय सांसद सिंधिया को पूरी जानकारी दी और मृतकों के परिजनों से मुलाकात कराते हुए आर्थिक सहायता स्वीकृत कराए जाने की मांग की थी।इसके बाद सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जिला प्रशासन को तुरंत आर्थिक सहायता दिए जाने के निर्देश दिए थे। सिंधिया के निर्देश मिलते ही जिला प्रशासन द्वारा कांसल नदी के पुल में तेज बारिश के दौरान डूबकर जान गंवाने वाले रामसिंह पुत्र विलास निवासी फतेहगढ़, कोहन नदी में डूबकर जान गंवाने वाले नरेन्द्र उर्फ करन पुत्र हीरालाल अहिरवार निवासी ग्राम फतेहगढ़ और सागर पुत्र हीरालाल अहिरवार निवासी ग्राम फतेहगढ़ के आश्रितों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृति पत्र जारी हो गए हैं। इसके अलावा सिंधिया ने जिला प्रशासन को निर्देशित किया है कि फतेहगढ़ क्षेत्र में कुछ समय पूर्व आई बाढ़ से प्रभावित 408 परिवारों को भी उचित मुआवजा राशि दी जाए और प्रभावितों को राशन भी उपलब्ध कराया जाए। सिंधिया की संवेदनशीलता और जिला प्रशासन की कार्रवाई पर जिला पंचायत सदस्य महेंद्र सिंह किरार ने उनका आभार जताया है।







### स्वच्छता टीम चला रही सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूकता अभियान

गुना। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री के आदेशानुसार नगर पालिका गुना की सहयोगी स्वच्छता टीम द्वारा निरंतर सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज नगरीय क्षेत्र में विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर, फ्रेंड्स कॉलोनी कैंट की ईसीसी फाउंडर फाउंडेशन स्टेज की शाखा गुलाबगंज कैंट प्रारंभ हुई जिसमें श्वेता पांडे प्रधानाध्यापिका महोदया , रामेश्वर बैरागी समाज सेवा कार्यकर्ता द्वारा हवन किया गया। हवन का आयोजन गायत्री परिवार द्वारा किया गया जिसमें समाज जन व नगर पालिका परिषद् की सहयोगी स्वच्छता संस्था सिद्धिविनायक वेस्ट मैनेजमेंट के IEC मेंबर की उपस्थित रहीं व यह आयोजन पूर्ण रूप से जीरो वेस्ट आयोजन रहा किसी भी प्रकार के सिंगल यूज़ प्लास्टिक पउत्पाद का उपयोग नही किया गया।

---

**बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर रख यातायात पुलिस ने स्कूल वाहनों को किया चेक**

# क्षमता से अधिक बच्चे व अन्य ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर 12 वाहनों पर की गई कार्रवाई

**◆ कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने ग्राम पंचायत मुहाल कालोनी, बमोरी का दौरा कर ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना









पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में गुना पुलिस का जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सरल, सुदृढ़ यातायात व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने उद्देश्य से सघन वाहन चेकिंग एवं जन-जागरूकता अभियान निरंतर जारी है । इसी क्रम में दिनांक 30 जून 2025 को गुना शहर में स्कूलों की छुट्टी के समय वंदना कॉन्वेंट स्कूल, शान्ति पब्लिक स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय, क्राइस्ट स्कूल आदि के पास यातायात पुलिस की अलग-अलग टीमों के द्वारा ऑटो रिक्शा एवं अन्य स्कूली वाहनों को चेक किया गया ।

क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने और अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर 12 स्कूली वाहनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर 16,500/- रूपये जुर्माना लगाया गया । साथ ही सभी स्कूली वाहन चालकों को समझाइस दी गई कि उन्हें माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निम्न दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना है ऑटो रिक्शा में 12 वर्ष या उससे कम के लिए अधिकतम 05 बच्चे और 12 वर्ष से अधिक हों तो सिर्फ 3 बच्चे ही बैठाए जाएं । ऑटो रिक्शा या स्कूल वैन ड्राइवर को खाकी यूनिफॉर्म पहनना और नेम प्लेट लगाना अनिवार्य है ।

ऑटो रिक्शा में दोनों तरफ सुरक्षात्मक जाली दरवाजा लगाना अनिवार्य है, दरवाजे पर लॉक भी होना चाहिए । सुनिश्चित किया जाए कि ऑटो के बाहर साइड बच्चों के हाथ-पैर इत्यादि नहीं निकलना चाहिए । बच्चों को आगे ड्राइवर के साथ सीट पर न बैठाया जाए एवं स्कूल बैग रखने की उचित व्यवस्था हो । स्कूल वाहनों व ऑटो रिक्सा का फिटनेस, परमिट, बीमा एवं प्रदूषण सर्टिफिकेट अद्यतित होना चाहिए । स्कूल वाहन में फर्स्ट एड बॉक्स, फायर एक्सटिंग्विशर, सुरक्षा ग्रिल और वेंटिलेशन की व्यवस्था हो ।

थाना प्रभारी यातायात द्वारा सभी वाहन चालकों एवं संचालकों को यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि "सड़क सुरक्षा केवल कानून नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा है ।" इसके अतिरिक्त सड़क किनारे अनाधिकृत रूप से खड़े हाथ ठेला एवं ऑटो रिक्शा चालकों को आवश्यक समझाइश दी गई कि वे भविष्य में सड़क पर अतिक्रमण न करें एवं यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें । जनसहयोग से ही गुना शहर को सुंदर और सुरक्षित बनाया जा सकता है ।

---

**विजयवर्गीय परिसर मामले में नपाध्यक्ष ने कहा**

# परिषद दो साल पहले ही कर चुकी है दुकानें खाली कराने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सविता गुप्ता ने विजयवर्गीय परिसर को लेकर उपखंड मजिस्ट्रेट को पत्र लिखकर स्थिति स्पष्ट की है। पत्र में उन्होंने बताया है कि विजयवर्गीय कॉम्प्लेक्स नगर पालिका की संपत्ति है और इसका रख-रखाव व निर्णय नगर पालिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। परिसर की मौजूदा स्थिति गंभीर है, भवन जर्जर हो चुका है और किसी भी समय हादसे का कारण बन सकता है, इसीलिए नगर पालिका द्वारा पूर्व से ही इसे लेकर कदम उठाए जा चुके हैं।

पत्र में नपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि 18 जून 2025 को कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक की उन्हें न तो मौखिक और न ही लिखित जानकारी दी गई थी, जबकि यह नगर पालिका से संबंधित नीतिगत मामला था। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद ने इस मामले को पहले ही गंभीरता से लेते हुए 20 फरवरी 2023 को आयोजित साधारण सम्मेलन में प्रस्ताव क्रमांक 21 पारित किया था, जिसमें सर्वसम्मति से दुकानों को खाली कराने का निर्णय लिया गया था। प्रस्ताव की सत्यप्रतिलिपि भी पत्र के साथ संलग्न की गई है।नपाध्यक्ष ने बताया कि दुकानदारों को पूर्व में कई बार नोटिस दिए गए हैं, और वर्तमान में दिए गए अंतिम नोटिस की समयसीमा भी समाप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अधिकतर दुकानदारों के अनुबंध 35 माह की अवधि के लिए थे, जिनका नवीनीकरण नहीं किया गया।

अनुबंधों के अनुसार दुकानों की मरम्मत, रंगाई-पुताई की जिम्मेदारी दुकानदारों की थी और नगर पालिका को 30 दिवस का नोटिस देकर दुकानें खाली कराने का अधिकार है। अनुबंध में कहीं भी यह उल्लेख नहीं है कि जर्जर भवन की स्थिति में दुकानदारों को वैकल्पिक दुकानें दी जाएं। अंत में नपाध्यक्ष ने लिखा कि परिषद पहले ही ठोस निर्णय ले चुकी है, अब आवश्यकता है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी परिषद के पारित प्रस्ताव के अनुसार जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के सहयोग से तत्काल कार्रवाई करें, जिससे किसी भी संभावित जान-माल की क्षति को रोका जा सके।

---

**कांग्रेस जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ और बमोरी विधायक इंजी. ऋषि अग्रवाल हुए पत्रकारों से रूबरू**

# झूठी एफआईआर कर के किस किस की आवाज़ दबाएगी भाजपाः कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ 26 जून को अशोकनगर जिले में दर्ज हुई एफआईआर को कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी की तानाशाही और साजिश करार दिया है। इस घटना के विरोध में सोमवार को गुना में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ और बमोरी विधायक इंजी. ऋषि अग्रवाल ने पत्रकारों से बात की और भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। दोनों नेताओं ने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि आपकी सत्ता की हनक और दबाव की राजनीति ज्यादा दिन तक नहीं चलेगी। सच्चाई की जीत होगी और मध्यप्रदेश का लोकतंत्र इस राजिश को परास्त करेगा। बमौरी विधायक इंजी. ऋषि अग्रवाल ने बताया कि अशोकनगर जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र में कुछ पीड़ितों के साथ गंभीर कृत्य सामने आया था। इन पीड़ितों ने सबसे पहले जनसुनवाई के दौरान अशोकनगर कलेक्ट्रेट में प्रशासन से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई थी। इस घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। लगभग 10 से 15 दिनों तक न्याय न मिलने पर पीड़ितों ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से ओरछा में मुलाकात की और उन्हें आपबीती सुनाई, जिसमें मारपीट, बाइक छीनने और मल खिलाने की कोशिश जैसी जघन्य घटनाओं का जिक्र था। पीड़ितों को उम्मीद थी कि जिस तरह जीतू पटवारी पूरे प्रदेश में बेरोजगारों, शोषितों और वंचितों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, उसी तरह उन्हें भी न्याय दिलाएंगे। पटवारी ने पीड़ितों से मिलने के बाद तुरंत अशोकनगर कलेक्टर से फोन पर बात की और उन्हें न्याय दिलाने का आग्रह किया। इसके बाद यह घटना पूरे मध्यप्रदेश में एक बड़ी खबर बन गई। कितनी घटनाएं छिपाओगे?कांग्रेस का आरोप है कि मध्यप्रदेश सरकार इस घटना को दबाने की कोशिश कर रही थी, और जब यह बात उजागर हुई तो 26 जून को जीतू पटवारी के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज कर दी गई। ऋषि अग्रवाल ने भाजपा सरकार के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह लोकतंत्र को जकडऩे और शोषित, वंचितों के खिलाफ आवाज उठाने वालों की आवाज दबाने का प्रयास है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस इसके बावजूद रुकेगी नहीं और जहां भी अत्याचार होगा या बेरोजगारों की बात नहीं सुनी जाएगी, कांग्रेस मुखर होगी।उन्होंने परीक्षाओं में हो रहे घोटालों का भी जिक्र करते हुए कहा कि विपक्ष और मीडिया की जवाबदेही है कि वे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते रहें।

### एफआईआर हो रद्द पीड़ितों को मिले न्याय

कांग्रेस ने मांग की है कि जीतू पटवारी के खिलाफ दर्ज झूठी एफआईआर की जांच की जाए और इसे तुरंत रद्द किया जाए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब 10 जून को पीड़ितों ने जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई थी, तो 15 दिनों तक पुलिस और प्रशासन ने क्या कार्रवाई की। ऋषि अग्रवाल ने पुलिस की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए अशोकनगर जिले की घटना की भी गहन जांच की मांग की है।

---

# जोनल स्तरीय निरंकारी बाल संत समागम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

दलवी नगर स्थित निरंकारी सत्संग भवन में जोनल स्तरीय निरंकारी बाल संत समागम आयोजित किया गया। इस बाल संत समागम को संबोधित करते हुए पुणे महाराष्ट्र से पधारे महात्मा भावेश अहिरे ने अपने प्रवचनों के माध्यम से उपस्थित बाल संतो और उनके परिवार सहित प्रभु प्रेमी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाल संत समागम का आयोजन बच्चों को सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आध्यात्मिक विचारधारा से जोड़कर मानवता की ओर प्रेरित करना है। वर्तमान में आधुनिक एवं वैज्ञानिक स्तरीय शिक्षण व्यवस्था जहां एक और बच्चों के वैज्ञानिक नजरिया को मजबूत आधार देती है वहीं दूसरी ओर ऐसे बाल संत समागम नन्हे मुन्ने बच्चों में संतो, पीर पैगामबरो के प्रति भलाई समदृष्टि एवं एकत्र की भावना को समाहित करने का माध्यम है। जो उन्हें गलत रास्ते पर जाने से रोकता है। आज जहां इंसान सिर्फ मेरा भला हो जाए इसके लिए भी अपने वैचारिक दृष्टिकोण में नफरत निंदा बैर द्वेष घृणा असहिष्णुता असत्यता की भावना से निम्न से निम्न स्तर तक जाने के लिए कुछ भी करता है।वही ऐसे बाल संत समागम बच्चों में संतोष समर्पण दृष्टि, सत्य निष्ठा, करमशीलता, संपूर्ण विचारधारा सहित की भलाई की भावना को प्रज्वलित करते है।बाल समागम का मुख्य आकर्षण निरंकारी प्रदर्शनी भी रही।बाल समागम शुरू होने के पहले जोनल इंचार्ज नारायण दास द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन हुआ,नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा बनाए गए मनमोहन सुंदर मॉडल की प्रशंसा कर प्रोत्साहित किया। मंच संचालन अमन झावा एवं मानसी गौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में गुना संयोजक नरेश उप्पल ने समागम में पधारे नन्हे मुन्ने बच्चों एवं संगतो के प्रति आभार व्यक्त किया।

**● बच्चों को सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आध्यात्मिक विचारधारा से जोड़कर मानवता की ओर प्रेरित करना है**

---

**फिट इंडिया पर्यावरण विंग की पहल :हरिश्चंद्र मुक्तिधाम में वृक्ष महोत्सव 2025 के तहत सौंदर्यीकरण अभियान**

# संरक्षण और स्वच्छता के उद्देश्य से सफाई और सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

फिट इंडिया क्लब के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के उद्देश्य से वार्ड 18 में भैरव बाबा पार्क का निर्माण और वार्ड 20 में राजा हरिश्चंद्र मुक्तिधाम की सफाई और सौंदर्यीकरण किए जा रहे हैं। फिट इंडिया पर्यावरण विंग ने पर्यावरणसंरक्षण और स्वच्छता को लेकर महत्वपूर्ण पहल की है। वार्ड 18 में भैरव बाबा पार्क का निर्माण किया जा रहा है, जो क्षेत्र के लोगों के लिए एक हरा-भरा स्थान साबित होगा और जैव विविधता को बढ़ावा देने में सहायता करेगा। वहीं, वार्ड 20 में स्थित राजा हरिश्चंद्र मुक्तिधाम को वृक्ष महोत्सव 2025 के तहत वृक्षारोपण, सफाई एवं सौंदर्यीकरण अभियान द्वारा स्वच्छ और शांतिपूर्ण स्थल बनाने का कार्य चल रहा है।



इन परियोजनाओं का मकसद स्थानीय लोगों में जागरूकता बढ़ाना और स्वच्छता और पौधरोपण अभियान को प्रोत्साहित करना है। अभियान में अनूप सिंह सोढ़ी, इंजीनियर गुलाब राज सहित कई गणमान्य स्थानीय व्यक्तियों का सक्रिय योगदान रहा है। यह प्रयत्न शहर को हरित और स्वच्छ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### मारपीट के दोषियों को 6 माह का कठोर कारावास

गुना। मारपीट के दोषियों को न्यायालय ने 6 माह के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। मीडिया प्रभारी ममता दीक्षित एडीपीओ गुना ने बताया कि अभियोजन का मामले अनुसार 4.10.2020 के दोपहर लगभग 2 बजे सूचनाकर्ता धीरज सिंह अपने खेत में खाद बिछा रहा था तभी उसने देखा कि मुरारी गाडरी व संजीव गाड़री खेत की मेड पर रखे पत्थर हटा रहे थे और ट्रेक्टर खेत की मेढ़ पर चढ़ा दिया। उसने कहा कि वह लोग मेढ़ पर रखे पत्थर क्यो हटा रहे हो, ये तो पंच के सामने रखे थे इसी बात पर से मुरारी गाडरी व संजीव गाडरी गालियां देने लगे, उसने गाली देने की मना किया तो मुरारी गाड़री ने डण्डे की मारी जो उसके नाक के पास लगी चोट होकर खून निकलने लगा एवं बांये पैर की पिड़ली के उपर लगी चोट आई फिर संजीव गाडरी आया और उसने भी डण्डे की भारी जिससे उसके पीछे शरीर में जगह-जगह मूंदी चोट आई, घटना मनु मीना ने देखी व बीच-बचाव किया और जाते-जाते दोनो बोल रहे थे, आज तो बच गया आईंदा खेत पर मिला तो जान से खत्म कर देगें। उक्त रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया एवं संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया।माननीय न्यायालय राघौगढ़ के समक्ष पैरवी करते हुए अभियोजन अधिकारी मयंक भारद्वाज एडीपीओ राघौगढ़ द्वारा विधिक तर्क रखे गए।

## समाचार संक्षेप

### भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में राष्ट्रवादी संघ ने दी सेवाएं



**गुना।** इस्कॉन संस्था द्वारा विगत वर्ष से गुना जिले में आरंभ की गई भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा इस वर्ष भी बड़ी ही धूमधाम से निकाली गई हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने यात्रा में भगवान का रथ खींचकर स्वयं को धन्य किया, विगत वर्ष यात्रा में राष्ट्रवादी संघ को व्यवस्था का दायित्व मिला था जिसे राष्ट्रवादी संघ द्वारा पूर्ण निष्ठा के साथ पूर्ण किया इस वर्ष भी राष्ट्रवादी संघ को यात्रा में व्यवस्था के साथ ही समापन स्थल पर व्यवस्था का कार्य प्राप्त हुआ जिसे राष्ट्रवादी संघ द्वारा अपने साथियों के सहयोग से पूरी निष्ठा एवं तत्परता के साथ पूर्ण किया गया इस अवसर पर राष्ट्रवादी संघ से मनोज सिंह राठौड़ एडवोकेट, कप्तान राव देशमुख, लक्ष्मण सिंह जादौन, दीपक कुशवाह, संजीव सिंह बघेल, साहिल कुशवाह, कृष्ण मोहन कुशवाह, नंद किशोर शर्मा, माधवी शर्मा, पूजा राजपूत, सौरभ जगदले, कान्हा वर्मा, विशाल कुशवाह, सुजल कुशवाह, कुनाल कुशवाह, नितिन कर्णधार, हर्षित कुशवाह, कल्प भार्गव, लक्ष्य कुशवाह, नैतिक नामदेव, सुरजीत गुर्जर, सुमित धाकड़, संजय सोनी, राहुल खेड़कर, सचिन कड़ेरा सहित बड़ी संख्या में राष्ट्रवादी संघ सदस्य उपस्थित रहे !

### सर्व ब्राह्मण समाज राघौगढ़ के अध्यक्ष बने मुकेश शर्मा



**राघौगढ़।** रविवार को छतरी वाले हनुमान जी कृपा से सर्व ब्राह्मण समाज राघौगढ़ के द्वारा सर्व सम्मति से मुकेश शर्मा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। जिसमें अन्य जो दावेदार थे जिनमें अनिल जोशी, द्वारका प्रसाद भार्गव, अनिमेष भार्गव संदीप शर्मा सभी ने अपना समर्थन मुकेश शर्मा को व्यक्त किया। इसमें निर्वाचन समिति का भी निर्विरोध अध्यक्ष चुनने में सार्थक भूमिका निभाई कार्यकारी अध्यक्ष आदरणीय राधेश्याम शर्मा सत्यनारायण शर्मा, ब्रह्मेन्द्र बौहरे, विपिन बिहारी शर्मा, सुधीर शर्मा, विजय भार्गव सभी ने उत्साह के साथ प्रक्रिया को संपन्न कराया। अध्यक्ष बनने पर मुकेश शर्मा द्वारा सभी समाज बंधुओं का आभार माना। ओर कहा कि अध्यक्ष बनना मेरे लिए पद नहीं है एक जिम्मेदारी है जिसको मैं सभी समाज जनों के साथ मिलकर समाज को आगे बढ़ाने के लिए काम करूंगा।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सिंह मीणा ने किया सर्व मीना समाज उत्थान संगठन का विस्तार

# समाज वरिष्ठजनों का किया सम्मान व प्रतिभावान बच्चियों को ट्राफियां की प्रदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

रविवार को सर्व मीना समाज उत्थान संगठन साधारण सभा की बैठक रायसेन जिले के सलामतपुर स्थित पारस गार्डन में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सिंह मीणा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। रायसेन जिला सर्व मीणा समाज उत्थान संगठन के वरिष्ठ समाजसेवी हरि सिंह मीणा एवं उनके साथियों द्वारा आयोजित उक्त बैठक में समाज के संगठन को मजबूत बनाने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रारंभ में भगवान मीनेष के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित की गई एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सिंह मीणा एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ताराचंद मारण आदि ने किया।

तत्पश्चात रायसेन जिले के हरि सिंह मीणा एवं महाराज सिंह हिम्मत सिंह ओम प्रकाश सचिन मीणा आदि ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मीणा का पुष्प हारो एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सिंह मीणा ने उपस्थित



समाज की बैठक में कहा कि संगठन एक प्रक्रिया है, लेकिन पूरा मीणा समाज मेरा परिवार की तरह है। हमेशा मैं उनके सुख-दुख एवं सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक परेशानियां सहित अन्य कार्यों में हमेशा उनके लिए तत्पर रहूंगा।उन्होंने कहा कि हम निवेदन करके काम कराएंगे ना कि आदेश देकर, श्री मीणा ने आगे कहा कि हम भगवान विष्णु की संतान है, समाज की उन्नति और विकास के लिए काम करते रहेंगे। उपस्थित जनसमुदाय ने ताली बजाकर उनकी बात का समर्थन किया। श्री मीणा ने आगे कहा कि मातृशक्ति को नमन करता हूं, जिन्हें सम्मानित करने का हमें अवसर प्राप्त हुआ। आदिकाल से मातृशक्ति की हम पूजा करते आए हैं, शिक्षा और संगठन को मजबूती देने में इनका काफी योगदान रहा है। श्री मीणा ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने एवं विस्तार करने और समाज के लोगों को आगे लाने की दिशा में हमेशा प्रयास करते रहेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मीणा ने संगठन में विभिन्न पदों पर पदाधिकारी की घोषणा भी कीइस कार्यक्रम में रायसेन जिले का जिला अध्यक्ष भारी समाजसेवी से हरि सिंह मीणा को नियुक्ति पत्र देकर अध्यक्ष बनाया गयावहीं हेमंत सिंह मीणा को शाजापुर जिले का जिला अध्यक्ष बनाया गया एवं भैया लालरांची को भोपाल जिले की कमान देकर उन्हें जिला अध्यक्ष बनाया गया। इसी तरह भोपाल की प्रवक्ता डॉक्टर लक्ष्मी मीणा को बनाया गया, वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री विश्राम सिंह मीणा को बनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कोषाध्यक्ष ताराचंद मारण, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विश्राम सिंह मीणा, हरि सिंह मीणा, डॉक्टर लक्ष्मी मीणा भैया लाल रांझी आदि ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर परिसर में प्रतीकात्मक वृक्षारोपण भी किया गया। रिमझिम पानी की बरसात के बीच बड़ी संख्या में मीणा समाज के सामाजिक बंधु एवं युवा एवं बालिका उपस्थिति रही।

# एआईएमएसएस का छठवां गुना जिला महिला सम्मलेन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन (एआईएमएसएस) का छठवा गुना जिला महिला सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें जिलें भर से बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद वेदी पर पुष्पांजलि व संगठन का झण्डा फहरा कर की गई। तदोपरांत महिला आंदोलन पर बनी सचित्र विचार प्रदर्शनी का उद्घाटन शहर की वरिष्ठ नागरिक जयंती सक्सेना ने किया साथ ही उन्होंने मौजूदा दौर में महिलाओं के हक में खड़े होने की अपील की। सम्मेलन की मुख्य वक्ता राज्य अध्यक्ष जोली सरकार ने कहा कि महिलाओं-बच्चियों पर भयावह आपराधिक घटनाएं कितनी तेज गति से बढ़ रहीं हैं। बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, हत्या, दहेज हत्या, अपहरण, ऑनर किलिंग, एसिड अटैक, यौन उत्पीड़न, भ्रूण हत्या, मानव तस्करी, साइबर क्राइम के हजारों मामले प्रदेश व देश में सामने आ रहें हैं। प्रदेश की राजधानी समेत विभिन्न शहरों में भी अनेकों घटनाएं सामने आईं हैं। आगे संगठन की राज्य सचिव रचना अग्रवाल ने कहा कि इन घटनाओं के जिम्मेदार हमारा देश का सामाजिक, सांस्कृतिक परिवेश, व तमाम सरकारों की शराब नशे को बढ़ावा देने वाली नीतियां, और सरकारों व प्रशासन का उदासीन रवैया है। पुरुष प्रधान समाज की मानसिकता में जब शराब, नशा, और अश्लीलता का ज़हर मिल जाता है, तब समाज में ऐसे ही वहशी दरिंदे पनपते हैं। लेकिन ऐसे अपराधियों को सजा देने में हमारा देश का कानून का लाचार नजर आता है। क्रांतिकारी पार्टी एसयूसीआई(सी) के जिला सचिव मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि आज छोटे-छोटे मासूम बच्चों पर जिस तरह से जघन्य अपराध बढ़ रहे उसके खिलाफ सतत रूप से जुझारू जनआंदोलन को संगठित करना बेहद जरूरी है सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय स्थिति व राष्ट्रीय स्थिति पर विशेष प्रस्ताव और मुख्य प्रस्ताव भी पारित किये गए। सम्मेलन में भोपाल नगर सचिव आरती शर्मा ने भी अपनी बात रखी, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संगीता आरबी ने की। प्रतिनिधि अधिवेशन में संगठन की नई जिला कमेटी की घोषणा हुई जिसमें अध्यक्ष- संगीता आरबी एवं जिला सचिव सीमा राय को निर्वाचित किया गया इस मोके पर एक 33 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी व 41 सदस्यों की कॉउन्सिल घोषित की गईं।




# करीबन 4 माह से लापता एक नाबालिग बालिका की दस्तयाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में नाबालिग बालक-बालिकाओं के अपहरण अथवा गुम होने संबंधी प्रकरणों को संवेदनशीलता से लेकर इन अपराधों में तत्परता से कार्यवाहियां कर अपहृत बालक/बालिकाओं को आये दिन खोज निकालकर उनके परिजनों से मिलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं प्रभारी सीएसपी गुना भरत नोटिया के पर्यवेक्षण में कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र से अपह्त नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर लिया है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 19 फरवरी 2025 की रात कैंट थाना क्षेत्र से 16 वर्षीय एक नाबालिग बालिका के घर पर किसी को बिना बताए कहीं चले जाने पर बालिका के पिता की ओर से उसके गुम होने संबंधी रिपोर्ट दिनांक 24 फरवरी 2025 को कैंट थाने पर की गई थी, जिस पर से कैंट थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। कैंट थाना पुलिस द्वारा अपहृता की निरंतर तलाश की गई और इस हेतु अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया साथ ही विभिन्न तकनीकि संसाधनों की मदद लेकर सभी संभावित जगहों पर अपहृता को खोजने के सघन प्रयास किये गये। जिसके परिणाम स्वरूप विगत दिवस मुखबिर सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए कैंट थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से करीबन 04 माह से अपह्त नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर लिया गया। कैंट थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, उपनिरीक्षक चंचल तिवारी, आरक्षक शाहरुख खान, आरक्षक जगदीश रावत एवं महिला आरक्षक रश्मि सेन, महिला आरक्षक रक्षा रघुवंशी, महिला आरक्षक कल्पना शर्मा व महिला आरक्षक धनकुंवर जाटव की सराहनीय भूमिका रही है।

# आचार्य विद्यासागर जी विलक्षण व्यक्तित्व के धनी थे

» पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत आज भगवान का जन्म कल्याणक मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

नगर में चल रहे पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत आज भगवान का जन्म कल्याणक मनाया गया। प्रातः 7:00 बजे बालक आदिनाथ का जन्म होने की जैसे ही सूचना आई अपार खुशियां मनाई गई।

प्रातः 10:00 बजे बालक आदिनाथ को लेकर हाथी पर बैठकर सौधर्म इंद्र एवं उनकी सची इंद्राणी चले।उसमें 16 बग्गियों में पंचकल्याणक में बने विभिन्न इंद्र इंद्राणी और उनके परिवारजन चल रहे थे। जुलूस नगर परिक्रमा कर वापस सुधा सागर धाम आया।यहां पर पांडुक शिला पर भगवान का अभिषेक सबसे पहले सौधर्म ने





किया। जन्म अभिषेक का कार्यक्रम लगभग 2 घंटे चला। सुखद संयोग रहा जन्म कल्याणक के दिन ही 30 जून को समाधिष्ट आचार्य विद्यासागर जी महाराज का 58 वां दीक्षा दिवस है। दीक्षा दिवस के अवसर पर मंगल प्रवचन करते हुए निर्यापक मुनि सुधा सागर जी महाराज ने कहा आचार्य श्री विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। वे कांच नहीं थे एक दर्पण थे।उनके जीवन की हम जब समीक्षा करते हैं तो हमें भोग विलास छोड़कर वैराग्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। हमने अपने जीवन में आचार्य जी को कभी निराशा उदास नहीं देखा आपने यह भी कहा कि उन्होंने आचार्य के रूप में सैकड़ो दीक्षाएं दी सभी दीक्षाएं बाल ब्रह्मचारियों को दी।

मनी विशद सागर जी महाराज ने आचार्य विद्यासागर जी महाराज के जीवन से जुड़े संस्मरणों को सुनाया।पंचकल्याणक महोत्सव के प्रचार प्रसार संयोजक एवं भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक विजय कुमार जैन ने दिनांक 1 जुलाई के धार्मिक कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया प्रातः 6 बजे अभिषेक, शांति धारा एवं पूजन, प्रातः 8 बजे मुनि सुधा सागर जी के मंगल प्रवचन, दोपहर 12 बजे से आदि कुमार का विवाह, राज्याभिषेक, नीलांजना का नृत्य, आदि कुमार का वैराग्य आदि कार्यक्रम हुए।

# पंचायतों के उप निर्वावन संबंधी बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पंचायत उप निर्वाचन 2025 (पूर्वाद्व) संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उप निर्वाचन 2025 पूर्वार्द्ध हेतु समय सारणी अनुसार सम्पूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

बैठक में मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन 2025 पूर्वार्द्ध हेतु जारी किये गये के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि जनपद पंचायत ईसागढ़ की 02 ग्राम पंचायत गणेशखेडा एवं पिपरोल में रिक्त सरपंच पद के लिए तथा जनपद पंचायत मुंगावली की ग्राम पंचायत भ्याना में रिक्त सरपंच पद के लिए निर्वाचन होना है। इसी प्रकार जनपद पंचायत अशोकनगर में 123 पंच,ईसागढ़ 108,चंदेरी में 32 तथा मुंगावली में 135 रिक्त पंच पदों के लिए निर्वाचन होना है। जारी कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन,



नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया 1 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे से शुरू होगी। नाम निर्देशन-पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 08 जुलाई दोपहर 03 बजे तक निर्धारित की गई है। नामांकन पत्रों की जांच 09 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे से होगी, जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि 11 जुलाई दोपहर 03 बजे तक रहेगी। अंतिम उम्मीदवारों की सूची तैयार कर प्रतीकों का आवंटन भी 11 जुलाई को ही किया जाएगा। यदि आवश्यक हुआ तो मतदान 22 जुलाई को सुबह 07 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। पंच पद के लिए मतगणना मतदान केंद्र पर ही मतदान समाप्ति के तुरंत बाद शुरू होगी, जबकि अन्य पदों के लिए मतगणना 26 जुलाई और 29 जुलाई को विकासखंड एवं जिला मुख्यालयों पर निर्धारित समयानुसार होगी। परिणामों की घोषणा मतगणना के बाद की जाएगी। कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित ग्राम पंचायतों में आदर्श आचार संहित लागू हो गई है।

जारी कार्यक्रम के अनुसार रिक्त सरपंच एवं पंच पद हेतु नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति हेतु जिले में चार स्थल निर्धारित किये गये है। जनपद पंचायत अशोकनगर के लिए तहसील कार्यालय अशोकनगर, जनपद पंचायत ईसागढ़ के लिए तहसील कार्यालय ईसागढ़, जनपद पंचायत चंदेरी के लिए तहसील कार्यालय चंदेरी तथा जनपद पंचायत मुंगावली के लिए तहसील कार्यालय मुंगावली निर्धारित किये गये है।

# भारतीय जैन मिलन की क्षेत्रीय कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 12 की प्रथम कार्यकारिणी बैठक, अशोकनगर में राष्ट्रीय विशिष्ट संरक्षक विजय जैन गुना के मुख्य आतिथ्य राष्ट्रीय मंत्री नरेश जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय जैन, सुभाष जैन कैंची के विशिष्ट आतिथ्य एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रमोद चैधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

शाखा मंत्री सचिन सर्राफ ने अतिथियों को मंचासीन कराया, बैठक का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर एवं सामूहिक महावीर प्रार्थना से किया गया। जैन मिलन सेंट्रल अशोकनगर के आतिथ्य में आयोजित बैठक में सभी अतिथियों का स्वागत जैन मिलन के सेंट्रल के वीर-वीरांगनाओं द्वारा तिलक, माला एवं पट्टिका पहनाकर किया गया। शाखा अध्यक्ष वीर सचिन जैन बारी द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रमोद चैधरी ने क्षेत्र की ओर से शाखाओ से पधारे अध्यक्ष, मंत्री एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय समिति द्वारा दिए गए कार्यक्रमों को शाखा आवश्यक रूप से अपने शहर में आयोजित करें। क्षेत्रीय मंत्री प्रणय जैन सर गंजबासौदा ने क्षेत्र में चल रहे कार्यों का प्रतिवेदन सदन में प्रस्तुत किया।

राष्ट्रीय विशिष्ट संरक्षक विजय जैन गुना ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जैन मिलन सेवा के क्षेत्र में पूरे वर्षभर निरंतर सेवाकार्य कर रही है - जैसे स्वास्थ्य शिविर ,शीतल जल सेवा, के साथ धार्मिक सेवा कार्य, पशु सेवा कार्य आदि कार्यों में क्षेत्र की शाखाएं अग्रणी है। राष्ट्रीय मंत्री नरेश जैन अशोक नगर ने कहा कि इस वर्ष को जैन तीर्थ रक्षा वर्ष घोषित किया गया है। इसके अंतर्गत हमें शीघ्र ही कार्यक्रम हेतु निर्देश केंद्र से प्राप्त होंगे, जैसे रैली आयोजित करना, एक साथ पूरे देश में णमोकार मंत्र की जाप करना, क्षेत्र के मंदिरों का जीर्णोद्धार करना आदि। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय जैन एडवोकेट गुना ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें गर्व होना चाहिए कि हम एक गौरवशाली संस्था भारतीय जैन मिलन के सदस्य हैं। क्षेत्रीय संगठन कोऑर्डिनेटर इंजी. एस. सी. जैन, सुभाष जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, वीर आनंद गांधी राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री, निर्मल जैन मिर्ची कोषाध्यक्ष ने भी सदस्यों को कार्य करने के निर्देश दिए।

# जलभराव और सड़क समस्या का जायजा लिया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा

लगातार हो रही बारिश से अनेकों स्थानों पर जलभराव की समस्या और सड़क की गड्ढे से राहगीरों की परेशानी को देखते हुए, नगर परिषद ने जेसीबी की मदद से अस्थाई समाधान किया। समस्याओं का स्थाई हल जरूरी बताया। भारी बारिश के कारण नगर परिषद ने जलभराव और सड़क की स्थिति का जायजा लिया।

सीएमओ शमशाद पठान इंजीनियर आजाद जैन, अध्यक्ष अशोक माहौर और पार्षदों ने विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर, जलभराव की स्थिति और सड़क को खराब स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेसीबी की मदद से पानी निकासी का अस्थाई इंतजाम किया। सब्जी मंडी में गड्ढे और कीचड़ के कारण राहगीरों को परेशानी हो रही है। शाढ़ौरा में भी नाली की कमी के चलते समस्या बना हुआ है। नगर परिषद की टीम ने फिलहाल, कच्ची नाली बनाकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। नागरिकों का कहना है कि गुना और अशोकनगर रोड पर एक तरफ नाली न होने से गंदगी सड़क किनारे गिर रही है, जिससे नगर की तस्वीर खराब हो रही है। इसके साथ ही, लोग उम्मीद जताते हैं कि नगर परिषद अभी भी स्थाई समाधान के लिए प्रयास करेगा।

### शोभायात्रा के साथ भगवान का पाडूक शिला पर इन्द्रो अभिषेक किया

# आचार्य श्री के दीक्षा दिवस पर महिला मंडलों ने की महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पड़ौसी जिला गुना राधौगढ में विराजमान पुंगव मुनिश्री सुधासागर जी महाराज के अठावन वे दीक्षा दिवस पर अशोकनगर के महिला मण्डलों ने महा आरती की और मुनिश्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि संत शिरोमणि आचार्य भगवंत गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज का अठावन वा दीक्षा दिवस परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ मुनिश्री विशद सागर जी महाराज मुनिश्री शिवसागर जी महाराज क्षुल्लक श्री गंभीर सागर जी महाराज क्षुल्लक श्री वरिष्ठ सागर जी महाराज क्षुल्लक श्री विदेह सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में मना रहे हैं प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भैया के नेतृत्व में भगवान का जन्म कल्याणक महा महोत्सव मना रहे हैं। इस दौरान भगवान के जन्म पर जय घोष किया गया इसके बाद भव्य शोभायात्रा के साथ भगवान का पाडूक शिला पर इन्द्रो अभिषेक किया गया इस दौरान





अशोक नगर महिला मंडलों ने आचार्य श्री की अठावन दीपों से महा आरती की कल भगवान का दीक्षा कल्याणक मनाया जायेगा इस दौरान आदि कुमार की जैनेश्वरी दीक्षा होगी इस दौरान थूवोनजी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महिला महा समिति की राष्ट्रीय महासचिव इन्दू गांधी सहित सभी महिला मंडलों ने श्री फल भेंट किए।

मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ने कहा कि गुरु को जो देख लेते हैं, वो धन्य नहीं होता, जो गुरु को देख लेता है वह धन्य हो जाता गुरु जब किसी को आशीर्वाद देते हैं, वह उतना महत्वपूर्ण नहीं होता है, जो भक्त ले लेता है वो अतिशयकारी और चमत्कारी होता है। गुरुओं की कृपा जिन पर होती है उनका कल्याण होगा, यह नहीं कह सकते हैं लेकिन जिनकी श्रद्धा गुरुओं पर होती है, उनका कल्याण निश्चित है।उन्होंने कहा कि शगुन जो होता है वह आकृति से, नेचर से प्रभाव से होता है राजा कितना भी निकृष्ट हो लेकिन ज्योतिष शास्त्रों में लिखा है राजा जब राजभेष में है, तब वह मांगलिक है अर्धचक्रवती नरक जाता है फिरभी उसकों मंगल में लिया शेर गुणों के कारण मांगलिक होता है, आचरण के कारण नहीं दुर्घटनाएं घटती है लेकिन उसे कानून का समर्थन नहीं मिलना चाहिए। अंतर्जातीय विवाह होते आये है लेकिन समाज व परिवार के द्वारा समर्थन मिलना यह सबसे बड़ा पाप और अपराध है। परिवार यह कहता है कि तुम्हें करना है तो कर लो, मेरा समर्थन नहीं होगा, लो अपना हिस्सा संभालो, तुम्हारा और हमारा कोई संबंध नहीं रहेगा, यदि ऐसा मां-बाप और परिवार वाले कर लेते हैं तो उनको पुण्य बंध होगा कि एक दिन उनके कुल में ऐसे बेटा पैदा होंगे, जो कभी इस प्रकार की बेइज्जती नहीं कराएगें।

**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश महोदय, कनिष्ठ खण्ड अशोकनगर**

**प्रकरण क्रमांक आर.सी.एस.ए. 94/2025**
राजपाल यादव..................वादी
बनाम
जनसाधारण आदि............ प्रतिवादीजन

**(विज्ञप्ति)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वादी राजपाल यादव पुत्र पूरन सिंह यादव निवासी ग्राम मरमाही थाना व तहसील शाढौरा जिला अशोकनगर म.प्र. द्वारा जनसाधारण के विरूद्ध अपने ताऊ मृत संग्राम सिंह यादव की अचल सम्पति / कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 223 रकवा 0.773 हैक्टर में से हिस्सा 1/5 यानि रकवा 0.154 हैक्टर स्थित ग्राम करमाही सर्वे क्रमांक 153 रकवा 0.154 है., सर्वे क्रमांक 154 रकवा 0.449 है. स्थित ग्राम गडरौली कुल किता-3 रकवा 0.781 हैक्टर की वादी के पक्ष में वसीयत की थी उक्त वसीयत के आधार पर भू-स्वामी एवं आधिपत्यधारी घोषित किये बावत वादपत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सर्वसाधारण में से जो भी व्यक्ति उक्त प्रकरण में वादी एवं प्रतिवादी के रूप में पक्षकार बनना चाहता हो अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता हो वह व्यक्ति दिनांक 29.07.2025 को समय 10.30 बजे आवश्यकरूप से स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय मे उपस्थित होवें, अन्यथा वादी के हित में उपरोक्तानुसार निराकरण किया जावेगा।

हमारे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 26 माह 06 सन् 2025 ई. को जारी किया गया।

**प्रिया चौहान**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड अशोकनगर म.प्र.**

### मिली भगत से चलता रहता है निजी स्कूलों में पार्ट टाइम शिक्षा देने का कारोबार

# मूक दर्शक बना विभाग : सालों से निजी स्कूलों में सेवाएं दे रहे शासकीय शिक्षक!

### बीईओ जीरापुर ने दिया कार्रवाई का भरोसा तो निजी स्कूल के पुराने छात्रों ने बताई सरकारी शिक्षकों की सच्चाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/जीरापुर

जीरापुर ब्लॉक के हाईस्कूल और हायर सेकंडरी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों ने शिक्षा को व्यापार बना लिया है। हालात यह है कि सरकारी स्कूलों में किसी भी तरह से समय की सेटिंग कर अपना ज्यादा समय निजी स्कूलों में जाकर विद्यार्थीयों को पढ़ाने में देते हैं जिससे उन्हें जहां सरकारी वेतन के अलावा निजी स्कूलों से पार्ट टाइम पढ़ाने की राशि प्राप्त होती है वहीं ट्यूशन का भी बोल वाला हो जाता है। इस तरह एक सरकारी शिक्षक शुद्ध रूप से शिक्षा का व्यापार तो कर रहा है परंतु जिस उद्देश्य को लेकर मध्यप्रदेश सरकार ने उसे नौकरी दी थी उसका लाभ संबंधित सरकारी स्कूल के विधार्थियों को नहीं मिल पा रहा है। हैरत की बात तो सालों से चल रहे इस अवैध कारोबार की ब्लॉक स्तर से लेकर जिला स्तर तक खबर तक नहीं। इससे प्रतीत होता है की इस तरह के षडयंत्र में शिक्षा विभाग के अधिकारी भी शामिल हो सकते हैं जो इस तरह के शिक्षकों को संरक्षण दे रहें हैं। हरिभूमि ब्यावरा ने जीरापुर के विभिन्न निजी विद्यालयों से पास आउट हो चुके विद्यार्थियों से बात की तो




सरकारी शिक्षकों द्वारा निजी विद्यालयों में पढ़ाने वाले विषयों की बात सामने आ गई।

#### आरटीई अधिनियम का कर रहे खुलेआम उल्लंघन

शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 28 में स्पष्ट रूप से सरकारी शिक्षकों को निजी ट्यूशन या शिक्षण गतिविधियों में शामिल होने से रोकती है। फिर भी पिछले लगभग 10 सालों से जीरापुर ब्लॉक के कई सरकारी शिक्षक अपनी मनमानी कर इस तरह के नियमों को तोड़ने पर उतारू हैं और शिक्षा विभाग मूक दर्शक बना हुआ है।

#### निजी विद्यालयों से लेकर कोचिंग में संलिप्त सरकारी शिक्षकों पर एक नजर

विभिन्न सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जीरापुर ब्लॉक में पदस्थ यह शिक्षक अन्य सामान्य शिक्षकों से बिल्कुल भिन्न हैं। संगठित होकर सरकार को चूना लगाना और शासकीय स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के भविष्य बनाने की जगह निजी स्कूलों में जाकर पढ़ाना विभाग के लिए भी अति दुर्भाग्यपूर्ण है।

1 अनिल पुष्पद
2 अंतिम पुष्पद
3 कमल मंडलोई
4 नवनीत हरधनिया
5 विजय गुप्ता
6 दिलीप टेलर
7 रजनीश भावसार
8 विनोद वर्मा
9 नवनीत गुप्ता
10 राजेश शर्मा

#### इनका कहना है

इस तरह का यदि मामला है तो संबंधित शिक्षकों एवं निजी स्कूलों पर कार्रवाई की जाएगी एवं भविष्य में इसकी पुर्नरावृत्ति न हो इसके लिए भी वरिष्ठ अधिकारियों से बात कर कदम उठाए जाएंगे।

**रामबाबू पाटीदार**
**बीएमओ जीरापुर ब्लॉक**

# राजगढ़ में सूने मकान का ताला चटकाकर दिन-दहाड़े चोरी, पुलिस ने मुआयना किया

### नकदी, जेवर सहित एलसीडी चुरा ले गए चोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। विगत दिनों क्षेत्र के प्रसिद्ध खोयरी महादेव मंदिर की दानपेटी के ताले चटकाकर हुई चोरी की पतारसी में लगी कोतवाली पुलिस को अज्ञात चोरों ने फिर नया टास्क दे डाला। स्थानीय वार्ड क्रमांक-8 के किशनगढ़ क्षेत्र स्थित एक सूने मकान का ताला चटकाकर अज्ञात चोर नकदी सहित जेवर व अन्य सामानों पर हाथ साफ कर गए।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस टीम ने मौका मुआयना किया। जानकारी के अनुसार किशनगढ़ निवासी राजू पिता मोहनलाल पुष्पद मजदूरी करने गए थे वहीं उनकी पत्नी कलाबाई मेन मार्केट स्थित अपनी मनिहारी की दुकान पर थी। घर में ताला लगा हुआ था। दोपहर करीब 1 बजे जब राजू पुष्पद का बेटा रिषी जब घर पहुंचा तो दरवाजे का ताला टूटा मिला वहीं अंदर की अलमारी का ताला भी टूटा हुआ था, साथ ही घर का सामान अस्त-व्यस्त था। रिषी ने तुरंत घटना की जानकारी अपनी परिजनों को दी। परिजनों के आने के बाद कोतवाली पुलिस को चोरी की सूचना दी गई।

#### करीब 40 हजार का माल हुआ चारी

कलाबाई ने बताया कि अलमारी में करीब 7-8 हजार रुपए नकद, 2 जोड़ बिछुड़ी, दो पायल चोरों ने चुराई है। इसके साथ ही घर में लगी एलसीडी को भी चोर चुराकर ले गए। पुलिस आसपास के सीसीटीवी को खंगालकर मामले की पड़ताल में लगी हुई है।

# जय शंकर नर्सरी में मिल रहे 1500 तरह के पौधे



बिजनेस न्यूज

**ब्यावरा**। शहर में पंजाबी नर्सिंग होम के सामने जय शंकर नर्सरी में मिलने वाले इनडोर और मैदानों में लगने वाले फूलदार व सुगंधित पौधों ने शहरवासियों को आर्कर्षित किया है। नर्सरी को संचालित करने वाले सुनील बताते हैं कि हमारे यहां पर 1500 से ज्यादा प्रकार के पौधें व पेड उपलब्ध है। संचालक सुनील बताते हैं कि हम किसी भी घर एवं गार्डन, पार्किंग, बाग -बगीचे, मैरिज गार्डन, टेरिस गार्डन, गजिबो, गमले में प्लांट लगाने का ठेका लेकर विश्वास से काम किया जाता है। वहीं नगरपालिका एवं पेटोल पंप प्रायवेट कंपनियों के प्लांटेशन एवं सौदर्यवर्धन के लिए आर्डर भी लेते हैं। ऐसे में यदि 1 साल के भीतर कोई पेड़ खराब हो जाता है तो उसे बदलकर नया पेड़ लगाया जाता है।

# मंत्री पंवार ने 1 करोड़ 91 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन और लोकार्पण

### जल गंगा संवर्धन अभियान समापन समारोह में मंत्री पंवार हुए सम्मिलित



**ब्यावरा**। मध्य प्रदेश में चल रहे महत्वाकांक्षी जल गंगा संवर्धन अभियान के खंड स्तरीय समापन समारोह में आज ब्यावरा विधानसभा में मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री नारायण सिंह पंवार शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने अभियान की सफलता और इसमें जनता की सक्रिय भागीदारी की जमकर सराहना की। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री पंवार ने कहा, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह जन आंदोलन बन गया है। यह देखकर अत्यंत हर्ष होता है कि प्रदेश के हर कोने में, हर गांव और हर शहर में, लोगों ने इस अभियान को अपना अभियान माना और इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मंत्री पंवार ने कहा कि इन प्रयासों से भूजल स्तर में सुधार हुआ है और स्थानीय जल स्त्रोतों की उपलब्धता बढ़ी है, जिससे किसानों और आम नागरिकों दोनों को लाभ मिल रहा है।

#### भविष्य के लिए प्रेरणा

मंत्री पंवार ने इस बात पर जोर दिया कि यह अभियान केवल समापन समारोह तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह भविष्य के लिए जल संरक्षण के लिए एक मजबूत नींव तैयार करना चाहिए। उन्होंने कहा,हमें इन प्रयासों को जारी रखना होगा और जल के महत्व को कभी नहीं भूलना चाहिए। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम अपनी भावी पीढ़ियों के लिए पर्याप्त जल संसाधन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिए कि वे अभियान के तहत किए गए कार्यों का नियमित रखरखाव सुनिश्चित करें और जल संरक्षण की गतिविधियों को निरंतर जारी रखें।

#### मंत्री पंवार ने किया पौधारोपण

इस दौरान मंत्री पंवार ने देशव्यापी अभियान ष्एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत अशोक और सिंदूर का पौधारोपण किया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश गुर्जर, एसडीओ संजीव वर्मा, तहसीलदार डोजीराम अहिरवार, इंजि. कार्तिक राजपूत सहित जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### जनप्रतिनिधि के विरोध के बावजूद भी ठेकेदार की मनमानी जोरों पर

# करोड़ों रुपए से बनने वाला बेराज चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मामला समीप ग्राम आमगढ़ा का है जहां खेती को लाभ का धंधा बनाने के उद्देश्य से जल संसाधन विभाग द्वारा किसानों की फसल में पानी पहुंचाने के उद्देश्य से तीन करोड़ की लागत से कई नदी पर बेराज की स्वीकृति की ताकि बेराज बनने के बाद किसानों को बेराज के माध्यम से पानी मिल सके, बेराज का राज्य मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा विधिवत भूमि पूजन किया गया था।

इस दौरान विभाग के अधिकारी एवं संबंधित ठेकेदार को मंच से कड़े निर्देश देते हुए कहा था कि बेराज निर्माण में लापरवाही एवं भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, लेकिन शायद राज्य मंत्री के निर्देश विभाग के कर्मचारी एवं ठेकेदार के कान तक नहीं पहुंचे या फिर राज्य मंत्री की बाते अनसुनी करते हुए मनमानी कर उतारू हो गए और



डीपीआर,तकनीकी प्रतिवेदन, तकनीकी स्वीकृति को ताक में रखकर मनमाने तरीके से बेराज निर्माण कार्य प्रारंभ किया, निर्माण कार्य में विभिन्न प्रकार की विसंगतियां की,जानकारी लगने पर ग्रामीणों ने इसका विरोध किया लेकिन ठेकेदार की मनमानी जारी रही। पूर्व सरपंच अपने साथियों के साथ पहुंचा निर्माण कार्य पर गुणवत्ता की करी बात फिर भी नहीं माने ठेकेदार, आमगढ़ा बेराज निर्माण कार्य में गुणवत्ताविहीन कार्य तो देखने के लिए पूर्व मंडी अध्यक्ष एवं सरपंच कैलाश सुरावत निर्माण स्थल पर ग्रामीणों के साथ पहुंचे तो देखा कि कार्य गुणवत्ताविहीन था उन्होंने निर्माण एजेंसी से चर्चा की और गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने को कहा लेकिन ठेकेदार एवं जल संसाधन विभाग को कोई असर नहीं हुआ और 10 एम एम के तार से ही बेराज की नींव भराई कर दी,और लगातार 10 एम एम के सरिए से कार्य जारी रखा, ग्रामीणों सहित जन प्रतिनिधियों के द्वारा लगातार शिकायत करने के बाद भी ठेकेदार मनमानी करता रहा तब ग्रामीणों ने पूरे मामले से स्थानीय मीडिया को अवगत कराया।

#### इनका कहना है...

बेराज में घटिया निर्माण चल रहा था। मेरे द्वारा ठेकेदार को बोला गया उसके बाद भी घटिया निर्माण जारी है। जल्द उच्च अधिकारी को इसकी शिकायत की जाएगी।

**दिनेश पाल सरपंच बिलोदापाल,**

स्टीमेट अनुसार कार्य किया जा रहा है।

**मनोज त्यागी जल संसाधन विभाग राजगढ़**

#### दुर्लभ ग्रुप का ब्लड डोनेट कर मनाया अपना जन्मदिवस

**राजगढ़**। जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में विभिन्न ग्रुपों के रक्त की कमी बनी हुई है। ऐसे में आवश्यकता पड़ने पर जिम्मेदार समाजसेवी स्वयं आगे आकर रक्तदान कर संबंधित मरीजों का जीवन बचाने के कार्य में जुटे हुए हैं। जिला अस्पताल में भर्ती गंगाबाई पत्नी बद्रीलाल को ओ-नेगेटिव ब्लड की नितांत आवश्यकता थी। इसकी सूचना विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं को लगने पर उन्होंने छापीहेड़ा में अपने साथी बृजमोहन मेरोठा से संपर्क किया। सोमवार को मेरोठा का जन्मदिवस भी था। ऐसे में वे तुरंत छापीहेड़ा से राजगढ़ पहुंचे और संबंधित महिला मरीज के लिए ब्लड डोनेट किया। इस अवसर पर विहिप पदाधिकारी कमल किरार, लक्ष्मीनारायण तंवर, गोविंद रुहेला, मांगीलाल तंवर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### अनेक श्रद्धालु ने अपने हाथों से खींचा भगवान का रथ

# जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर नगर में निकाली रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



इस्कॉन मंदिर समिति एवं विश्व हिन्दू परिषद के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को नगर में जगन्नाथपुरी की तर्ज पर भव्य रथयात्रा का आयोजन किया गया। राजमहल परिसर में पूजा-अर्चना उपरान्त ढोल-ढमाकों के साथ आरंभ हुई रथ-यात्रा में अनेकों श्रृद्धालु भगवान जगन्नाथ, बलबद्र एवं सुभद्राजी विराजित रथ को अपने हाथों से खींचकर भक्ति की सरिता में रमते हुए नाचते-गाते साथ चल रहे थे।

राजमहल से आरंभ हुई रथयात्रा तुल्ली चौक, गणेश चौक, पारायण चौक, रानी लक्ष्मी चौराहा, मेन मार्केट, नाका नंबर-3, बाईपास क्षेत्र होते हुए खिलचीपुर नाके पर पहुंची। इस दौरान स्थान-स्थान पर विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा करते हुए स्वागत, अभिनंदन किया। शाम साढ़े बजे आरंभ हुई यह रथ-यात्रा करीब 3 घंटे उपरान्त खिलचीपुर नाके पर पहुंची। यहां भगवान की आरती उपरान्त सभी को प्रसादी का वितरण करवाया गया।

#### प्रथम वर्ष निकाली गई है यह यात्रा

इस्कॉन मंदिर वृंदावन से आए भक्तों सहित नगर वासियों द्वारा नगर में पहली बार पुरी की तर्ज पर इस रथयात्रा का आयोजन किया गया है। हालांकि, मालवीय प्रजापति समाज सहित जगन्नाथ मंदिर समिति द्वारा भी विगत तीन वर्षों से इस रथ-यात्रा का आयोजन नगर में किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रथम वर्ष भव्यता के साथ निकली इस यात्रा की तैयारियां काफी पहले से की जा रही थीं। यात्रा के सफल आयोजन पर समिति पदाधिकारियों ने भक्तों का आभार व्यक्त किया है।

### मानवीयता: घायल हिरण को थाने लाकर कराया इलाज, वन विभाग को दी सूचना



**सारंगपुर**। सारंगपुर पुलिस ने एक घायल हिरण की जान बचाकर मानवीयता की मिसाल पेश की है। यह घटना सोमवार सुबह की है, जब महिला थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा के निर्देशन में किठोर रोड़ की बल्ड़ी पर एक मामले की जांच के लिए पहुंची पुलिस टीम को सड़क किनारे झाड़ियों में एक हिरण घायल अवस्था में दिखाई दिया। हिरण के पैरों में गंभीर चोटें थीं और वह चलने में असमर्थ था। बताया जा रहा है कि जंगली जानवरों के हमले में वह घायल हुआ था। थानाप्रभारी ने तुरंत निर्णय लिया और ग्रामीणों की मदद से हिरण को प्राथमिक उपचार देकर थाने लाया गया। जहां स्थानीय पशु चिकित्सक को बुलाया गया, जिन्होंने घायल हिरण का इलाज किया। इसके बाद पुलिस ने वन विभाग को सूचना देकर हिरण को सुरक्षित जंगल में छोड़ने की प्रक्रिया शुरू की।

### आज जांच करने जाएंगे विभाग इंजीनियर व उनकी टीम

# बालू , सरिए के बाद अब सीमेंट क्वालिटी भी घटिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

लखनवास में बन रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किस कदर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है और जिम्मेदारों ने अपनी आखें जैसे मूंद ली है। लगातार समाचार प्रकाशन के बाद भी विभाग की लचर स्थिती देखी जा सकती है की 5 वें दिन समय निकाल पाया। इंजी दिलकश खान का कहना है कि वह मंगलवार को लखनवास बिल्डिंग जांच करने जाएंगे। अब देखना यह है कि इस तरह के ठेकेदार जो अपनी मनमानी कर जनता को बनने वाली बिल्डिंग में घटिया सामग्री का उपयोग कर अपना उल्लू सीधा करना चाहते है इन पर विभाग कितना सख्त होता है या फिर वहीं अभयदान देकर छोड़ दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि



लखनवास में निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की 159 की लागत से बनने वाली बिल्डिंग भ्रष्टाचार की भेंट चढती नजर आ रही है इसमें मिलने वाली सीमेंट की क्वालिटी पर भी सवालियां निशान लग रहे हैं।

#### इनका कहना है

मंगलवार को ठेकेदार को साइट पर बुलाया है इसकी जांच करने जाएंगे।

**दिलकश खान,** इंजीनियर स्वास्थ्य विभाग राजगढ़

### सीएमएचओ ने किया खिलचीपुर, जीरापुर क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

# लापरवाही: डॉक्टर सहित 3 नर्स, सीएचओ को नोटिस

### बोलीं-लापरवाहों को मिलेगी सजा वहीं अच्छे कार्य पर पुरस्कृत होंगे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के ग्रामीण अंचलों के स्वास्थ्य केंद्रों की हालत किसी से छिपी नहीं है। कभी-कभी तो ये स्वास्थ्य केंद्र पूरे दिन ही नहीं खुलते और खुलते भी हैं तो लापरवाह कर्मचारी कुछ घंटे बैठकर केंद्रों में ताला लगाकर घर चले जाया करते हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों में अन्य तरह की लापरवाहियों के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं।

ऐसे में नवागत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने वस्तुस्थिति जानने सोमवार को खिलचीपुर एवं जीरापुर क्षेत्र के कईं स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान कहीं सीएचओ अनुपस्थित



मिलीं तो कहीं डॉक्टर बगैर सूचना के गायब मिले। इसके साथ ही अन्य कमियां भी केंद्रों पर पाई गई। ऐसे में संबंधित लापरवाह कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा गया है। जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की चेतावनी सीएमएचओ डॉ. पटेल द्वारा दी गई है।

#### बड़बेली केंद्र पर नदारत मिली सीएचओ

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल अपनी टीम के साथ सबसे पहले खिलचीपुर क्षेत्र के ग्राम बड़बेली स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं। इस दौरान केंद्र पर पदस्थ सीएचओ कीर्ति देशमुख अनुपस्थित मिले। इसके उपरान्त वे सीधे खिलचीपुर अस्पताल पहुंची जहां के इंजेक्शन कक्ष में गंदगी, कोल्ड चैन में अव्यवस्थित वैक्सीन और आयरन, सुक्रोज के इंजेक्शन खुले हुए मिले। इस पर सीएमएचओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए वार्डों के इन्चार्जों को बुलाकर उनसे जवाब मांगा। खिलचीपुर अस्पताल में ही पदस्थ डॉ. प्रियदर्शनी सर्राफ भी पिछले कईं दिनों से अनुपस्थित पाई गई। इस गंभीर लापरवाही पर डॉ. प्रियदर्शनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

#### सोमवारिया केंद्र पर भी मिला ताला

सीएमएचओ जब खिलचीपुर के ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोमवारिया के निरीक्षण पर पहुंचीं तो वहां भी ताला लगा पाया गया। अव्यवस्थाओं पर सीएमएचओ ने बीएमओ को 3 दिवस में व्यवस्था सुधारने की हिदायत दी। सीएमएचओ और उनकी टीम जीरापुर अस्पताल पहुंची जहां के प्रसूती वार्ड में पहुंचकर भर्ती प्रसूताओं से उन्होंने चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में प्रसूताओं के लिए सभी व्यवस्थाएं नि:शुल्क होती हैं। अगर कोई पैसों की मांग करे तो मुझे फोन लगाकर सूचना दी जा सकती है। जीरापुर अस्पताल के निरीक्षण में डॉ. प्रियंका नरवरे सहित गार्ड और वार्डबॉय भी अनुपस्थित मिले। सभी को शोकाज नोटिस जारी किए जा रहे हैं।